

# आरेंज सिटी में बनाया जायेगा एग्री कन्वेंशन सेंटर

## केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा

व्यापार संवाददाता

नागपुर. किसानों को खेती के बारे में नई-नई तकनीकी के बारे में मार्गदर्शन मिलने व उनके कृषि माल का योग्य विपणन होने की दृष्टि से 'एग्री कन्वेंशन सेंटर' की स्थापना आरेंज सिटी में स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है. इस संदर्भ में डा. पं जा ब रा व देशमुख कृषि विद्यापीठ के अधिकारियों से चर्चा कर अमरावती रोड के पास वायुसेनानगर में लगकर कृषि विभाग की 43 एकड़ जगह देखी गई है. इस सेंटर में एक छत के नीचे किसानों के लिए मार्गदर्शन, कार्यशाला, परिसंवाद लेने के लिए जगह, किसानों का कृषि माल, प्रक्रियायुक्त कृषि उत्पादन की प्रदर्शनी करने वाली आधुनिक एक्जिबिशन स्थायी रूप से रहेगी. साथ ही यह केंद्र बीओटी तत्व पर बनाया जायेगा. यह कहना है केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का. वे विदर्भ के किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित होने वाली एग्रोविजन–2018 कृषि प्रदर्शनी की जानकारी देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे. इस वर्ष एग्रोविजन प्रदर्शनी का आयोजन 23 से 26 नवंबर तक सुबह 11 से शाम 7 बजे तक रेशिमबाग मैदान में किया जायेगा. उद्घाटन 23 नवंबर को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा किया जायेगा. प्रदर्शनी का 10वां वर्ष है. इस वर्ष त्रिपुरा, असम व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया गया है. कार्यक्रम में सांसद कृपाल तुमाने, विधायक मल्लिकार्जुन रेड्डी, जिला परिषद अध्यक्ष निशा सावरकर, एग्रोविजन सलाहकार समिति के अध्यक्ष डा. सी.डी. मायी, आयोजन समिति के सचिव रवि बोरटकर, रमेश मानकर प्रमुखता से उपस्थित थे. एग्रोविजन फाउंडेशन, एम.एम.ॲक्टीव साइंस टेक कम्युनिकेशन, पूर्ती उद्योग समूह, विदर्भ आर्थिक विकास परिषद (वेद) व महाराष्ट्र आर्थिक विकास परिषद के संयुक्त में आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में विविध कार्यशाला, प्रदर्शनी, परिसंवाद का आयोजन किया जायेगा. इसके माध्यम से किसानों को उन्नत तकनीकी, नये-नये बीजों, खेती के पूरक उद्योग दूध उत्पादन, मछली पालन, आर्गेनिक खेती, डिप इरिगेशन सहित अन्य जानकारियां देने के साथ उन्हें मार्गदर्शित किया जायेगा. कार्यशाला 24 से 26 नवंबर तक 3 स्वतंत्र कक्ष में रहेगी.

**कृषि प्रदर्शनी एग्रोविजन 23 से 26 नवंबर तक**

### 350 कम्पनियां होंगी सहभागी

प्रदर्शनी में 350 कम्पनियां सहभागी होंगी. पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी पशु प्रदर्शनी रहेगी. एग्रोविजन कृषिमंथन (एग्रीथॉन) उपक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए निबंध स्पर्धा, प्रस्तुतिकरण व नये प्रकल्प, स्टार्टअप प्रदर्शनी का आयोजन किया जाने वाला है. वहीं 10 वर्ष पूर्व आरंभ किये गये एग्रोविजन से विदर्भ की खेती में उल्लेखनीय योगदान देने वाले किसानों को एग्रोविजन अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा. विशेषज्ञ चुनाव समिति द्वारा ऐसे किसानों का चुनाव कर पुरस्कृत किसानों के नाम घोषित किए जाएंगे. यह पुरस्कार फल उत्पादन, कृषि पूरक व्यवसाय, सुखी जमीन पर सफल खेती, दुग्ध उत्पादन व्यवसाय व जलसंचय के लिए दिये जायेंगे. कपास उत्पादन, अलसी उत्पादन, जैविक खेती, भेड़, बकरी पालन व निर्यात अवसर, रेशम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, सूक्ष्म सिंचन, हरितगृह तकनीकी, सब्जी-भाजी उत्पादन, डिजिटल पेमेंट जागृति आदि विषयों पर प्रदर्शनी में कार्यशाला होगी.